## मुख्य समाचार

- **केन्द्रीय सूचना व प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा–कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव में झूठी गारंटियां देकर प्रदेश की जनता को ठगा।**
- **उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने भाजपा पर लगाया असल मुद्दों से मतदाताओं का ध्यान हटाने का आरोप।**
- **प्रदेश हाईकोर्ट के बिना मार्शल के चल रही सभी पैराग्लाईडिंग साईटों पर रोक के आदेश।**
- **राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 4 से 8 मई तक आएंगी हिमाचल के ग्रीष्मकालीन प्रवास पर।**

## अनुराग ठाकुर

भाजपा के वरिष्ठ नेता व केन्द्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा है कि कांग्रेस पार्टी ने विधानसभा चुनाव में झूठी गारंटियां देकर प्रदेश की जनता को ठगा है। उन्होंने प्रदेशवासियों से आगामी लोकसभा व 6 विधानसभा उपचुनाव में भाजपा की डबल इंजन सरकार को वोट देने का आहवान किया। अनुराग सिंह ठाकुर ने आज एक बयान में कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की गारंटियां फेल हो चुकी है और आज देश को सिर्फ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी पर भरोसा है। उन्होंने कहा कि हिमाचल में आई आपदा के समय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हिमाचल की खुलकर मदद की लेकिन कांग्रेस आपदा के समय भी सिर्फ राजनीति ही करती रही। केन्द्रीय मंत्री ने दावा किया है कि भाजपा प्रदेश में सभी चार लोकसभा और 6 विधानसभा उपचुनाव बड़े अंतर से जीतने जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश और देश की जनता नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने जा रही है।

## मुकेश अग्निहोत्री

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने आरोप लगाया है कि भाजपा मौजूदा लोकसभा चुनाव में असल मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए धर्म और सुरक्षा जैसे मुद्दों को उठा रही है ताकि लोगों की भावनाओं से खेला जा सके। मुकेश अग्निहोत्री ने आज ऊना में कहा कि भाजपा ने प्रदेश में धन–बल की साजिश से कांग्रेस सरकार को गिराने का भरसक प्रयास किया है लेकिन उसे कामयाबी नहीं मिली। उन्होंने दावा किया कि सरकार अब और भी मजबूत होगी। अग्निहोत्री ने कहा कि कांग्रेस पार्टी और उसके विधायक एकजुट है तथा कोई भी विधायक पार्टी नहीं छोड़ रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए लगातार प्रयासरत्त है।

## जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि देश का विकास ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सबसे बड़ा सपना है। जयराम ठाकुर ने आज चम्बा जिला के डलहौजी में विभिन्न चुनावी सभाओं में हिस्सा लेते हुए कहा कि चम्बा को विकास की दौड में आगे रखने के लिए ही प्रधानमंत्री ने इस जिले को आकांक्षी जिला बनाया। उन्होंने कहा कि अब वह दिन दूर नहीं जब चम्बा हर क्षेत्र में अव्वल होगा। नेता प्रतिपक्ष ने इस दौरान मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू पर भी राजनीतिक हमले बोले और कहा कि राज्य के मौजूदा राजनीतिक हालात के लिए उन्हें अपना दोष स्वीकार कर लेना चाहिए। उन्होंने ये भी कहा कि भाजपा को कोसने से कुछ नहीं होगा। नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया कि प्रदेश में कानून व्यवस्था रसातल पर चली गई है और अपराधियों के हौंसले बुलंद है। उन्होंने बाद में चम्बा के चौगान में चम्बा भाजपा मण्डल द्वारा आयोजित पन्ना प्रमुख सम्मेलन को भी सम्बोधित किया और कहा कि कांग्रेस का 15 महीने के कार्यकाल

निराशाजनक रहा है तथा इस दौरान सारी व्यवस्थाएं तार–तार हुई हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस पार्टी का बुरा हाल है और इसके नेता चुनाव लड़ने से भाग रहे हैं।

**चिदम्बरम**

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व केन्द्रीय मंत्री पी. चिदम्बरम ने कहा है कि कांग्रेस के लिए अब देश के लोग ही प्रचार करेंगे क्योंकि केन्द्र सरकार ने कांग्रेस के सारे बैंक खाते फ्रीज कर दिए हैं और कांग्रेस पार्टी का अपंग बना दिया है। इसके बावजूद लोग कांग्रेस को समर्थन दे रहे हैं। निजी दौरे पर शिमला पहुंचे पी. चिदम्बरम ने पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में कहा कि कांग्रेस का चुनाव घोषणा पत्र जनहित में है और इसमें हर वर्ग का ध्यान रखा गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा के घोषणा पत्र में जनहित के लिए कुछ भी नहीं है। इसके विपरीत कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में सभी वर्गों के साथ न्याय किया है। उन्होंने भाजपा के 4 सौ सीटें जीतने के दावे को भी खोखला करार दिया और कहा कि भाजपा 4 सौ से कम सीटों पर चुनाव लड़ रही है।

**हर्ष महाजन**

भाजपा राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन ने दावा किया है कि जल्द ही कांग्रेस के कुछ और विधायक टूटकर भाजपा में शामिल होने वाले हैं। हर्ष महाजन ने आज शिमला में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि प्रदेश की चारों लोकसभा सीटों के साथ–साथ विधानसभा उपचुनाव में भी भाजपा की जीत होगी और जून में प्रदेश में भाजपा की सरकार फिर से बनेगी। हर्ष महाजन ने दावा किया कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू कांग्रेस विधायकों के पार्टी छोड़ने की सूचना से परेशान हैं और सुक्खू ने उनसे भी सम्पर्क किया है। हर्ष महाजन ने आज हनुमान जयंती के मौके पर जाखू मंदिर में माथा टेका। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा की पत्नी मल्लिका नड्डा और स्थानीय विधायक हरीश जनारथा भी हनुमान जयंती के मौके पर माथा टेकने जाखू पहुंचे।

**पैराग्लाईडिंग**

प्रदेश हाईकोर्ट ने राज्य में उन सभी पैराग्लाईडिंग साईटस पर पैराग्लाईडिंग करने पर रोक लगा दी है जिन साईटस पर कोई भी मार्शल तैनात नहीं है। प्रदेश हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति एम. एस. रामचन्द्र राव और न्यायमूर्ति ज्योत्सना रिवालदुआ की खण्डपीठ ने सरकार की ओर से पेश स्टेटस रिपोर्ट के अवलोकन के बाद आज ये आदेश पारित किए। रिपोर्ट में कहा गया है कि कुछ स्थानों पर मार्शलों की तैनाती नहीं की गई है। अदालत ने सरकार से ताजा स्टेटस रिपोर्ट दायर कर मार्शलों की नियुक्तियों की जानकारी देने आदेश भी जारी किए। हाईकोर्ट ने सरकार को पैराग्लाईडिंग करवाने वाली संस्थाओं और क्लबों द्वारा अपने खिलाड़ियों अथवा ग्राहकों को दी जाने वाली बीमा सुविधाओं की जांच के आदेश भी दिए। मामले पर अगली सुनवाई 17 जून को होगी।

**राष्ट्रपति**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 4 से 8 मई तक हिमाचल के ग्रीष्मकालीन प्रवास पर आएंगी। राष्ट्रपति के हिमाचल प्रवास को लेकर शिमला में मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय बैठक हुई जिसमें दौरे की तैयारियों की समीक्षा की गई। जानकारी के अनुसार राष्ट्रपति 4 और 5 मई को शिमला में ही रहेंगे जबकि 6 मई को राष्ट्रपति धर्मशाला जाएंगी जहां वे केन्द्रीय विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता करेंगी और मेधावियों को डिग्रीयां तथा स्वर्ण पदक प्रदान करेंगी। जानकारी के अनुसार 7 मई को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु शिमला के प्रसिद्ध तारादेवी मंदिर में दर्शन के लिए जाएंगी। उनका संकट मोचन मंदिर और शिमला के रिज तथा मालरोड पर घूमने का भी कार्यक्रम है। 7 मई को ही राष्ट्रपति शिमला के प्रसिद्ध

गेयटी थियेटर में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम में भी शामिल होंगी। इसी रोज राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल राष्ट्रपति के सम्मान में रात्रि भोज का आयोजन करेंगे। राष्ट्रपति का 8 मई को दिल्ली वापिस लौटने का कार्यक्रम है।

## प्रसारण समय

लोकसभा चुनावों के दौरान दूरदर्शन हिमाचल और आकाशवाणी शिमला से राजनीतिक दलों के चुनाव प्रसारण के लिए आज आकाशवाणी शिमला में प्रसारण समय का आबंटन किया गया। राज्य चुनाव अधिकारी दलीप नेगी की अध्यक्षता में लॉटरी के माध्यम से प्रदेश के राजनीतिक दलों कांग्रेस और भाजपा को प्रसारण समय का आबंटन हुआ। इस प्रक्रिया में भाजपा और कांग्रेस के प्रतिनिधि, चुनाव कार्यालय से विशेष कार्य अधिकारी नीरज शर्मा, आकाशवाणी और दूरदर्शन के कलस्टर हैड व उप महानिदेशक गुरविंदर सिंह, आकाशवाणी कार्यक्रम प्रमुख धारा सरस्वती, कार्यक्रम निष्पादक अनिल वर्मा, दूरदर्शन शिमला के कार्यक्रम प्रमुख सुरेन्द्र कुमार, कार्यक्रम निष्पादक सुमित सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए।

## हाईकोर्ट

प्रदेश हाईकोर्ट में मुख्य संसदीय सचिवों की नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर बहस आज भी जारी रही। ये बहस न्यायाधीश न्यायमूर्ति विवेक सिंह ठाकुर और न्यायाधीश न्यायमूर्ति बी.सी. नेगी की खंडपीठ के समक्ष हो रही है। दोनों पक्षों की विस्तृत बहस सुनने के लिए इस मामले में तीन दिनों तक रोजाना आधार पर सुनवाई रखी गयी है। उल्लेखनीय है कि अदालत ने मामले में अंतरिम आदेश में सभी मुख्य संसदीय सचिवों को मंत्रियों वाली सुविधाएं लेने और मंत्रियों वाले कार्य करने पर रोक लगा रखी है। अब उनके मुख्य संसदीय सचिव बने रहने से जुड़े मुद्दे पर सुनवाई हो रही है। इन याचिकाओं पर कल भी सुनवाई होगी।

## संजय दत्त

मण्डी संसदीय क्षेत्र के लिए कांग्रेस चुनाव प्रभारी संजय दत्त ने दावा किया है कि भाजपा द्वारा इस संसदीय क्षेत्र से कंगना रणौत को प्रत्याशी बनाए जाने के बाद भाजपा के कोर कैडर में भारी नाराजगी है। संजय दत्त ने कुल्लू में पार्टी कार्यकर्ताओं की एक बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि भाजपा ने मण्डी लोकसभा क्षेत्र में अपने कई वरिष्ठ नेताओं की अनदेखी की है और ये अनदेखी भाजपा को चुनाव में भारी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि कंगना रणौत ने भले ही आर्थिक रूप से बहुत प्रगति है लेकिन उन्होंने त्रासदी के समय मण्डी अथवा हिमाचल को कोई सहयोग नहीं दिया। दूसरी ओर कांग्रेस उम्मीदवार विक्रमादित्य सिंह आपदा के समय व्यक्तिगत तौर पर लोगों के बीच खड़े रहे। उन्होंने ये भी कहा कि कांग्रेस उम्मीदवार जल्द ही इस लोकसभा क्षेत्र के लिए अपनी प्राथमिकताएं जनता के बीच रखेंगे।

## पुल

दिल्ली मनाली वाया नालागढ़ मार्ग पर स्थित महादेव पुल को असुरक्षित घोषित कर दिया गया है। नालागढ़ के एसडीएम दिव्यांशु सिंघल ने कहा कि पुल के क्षतिग्रस्त होने की सूचना मिलने के बाद विभागीय टीम ने इस पुल का निरीक्षण किया और हालात को देखते हुए इसे असुरक्षित घोषित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग से अनुमति मिलते ही इस पुल की मुरम्मत का कार्य आरम्भ कर दिया जाएगा। इस बीच पुल बंद होने से आसपास के दर्जनों गांव का रास्ता बंद हो गया है और लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।